खेल नवभारत
जबलपुर, शुक्रवार, 8 मई 2026







# लगातार 6 हार के बाद जीता लखनऊ

## बेंगलुरु को 9 रन से हराया, प्रिंस यादव को 3 विकेट

### 49 गेंदों में मिचेल मार्श ने जड़ा शतक

**लखनऊ, 07 मई.** लखनऊ सुपर जायंट्स ने IPL में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 213 रन का रिवाइज्ड टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बारिश के कारण मैच 19-19 ओवर का किया गया। लखनऊ ने तय ओवर में 3 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 18.4 ओवर में 6 विकेट पर 200 रन बना लिए हैं। क्रुणाल पंड्या और रोमारियो शेफर्ड क्रीज पर हैं।

16वें ओवर में शहबाज अहमद ने इम्पैक्ट प्लेयर टिम डेविड (40 रन) को दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार (61 रन) को भी आउट किया। प्रिंस यादव ने जितेश शर्मा (एक रन), देवदत्त पडिक्कल (34 रन) और विराट कोहली (जीरो) के विकेट झटके। जैकब बेथेल (4 रन) को मोहम्मद शमी ने प्रिंस यादव के हाथों कैच कराया।



### मिचेल मार्श ने 111 रन की पारी खेली

लखनऊ की ओर से ओपनिंग करने आए मिचेल मार्श ने 111 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 9 छक्के लगाए। निकोलस पूरन ने 38 और कप्तान ऋषभ पंत ने नाबाद 32 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, क्रुणाल पंड्या और रसिख सलाम को एक-एक विकेट मिले।

### बारिश के कारण खेल तीन बार रुका, ओवर्स कटे

बारिश के कारण तीन बार खेल रोका जा चुका है। पहली बार 9 गेंद के बाद खेला रोका गया था। फिर दूसरी बार 9 ओवर के बाद दूसरी बार खेल को रोकना पड़ा था। तीसरी बार 14वें ओवर के बाद बारिश आई और खेल रोका गया। ऐसे में ओवर्स में कटौती की गई है और मैच को 19-19 ओवर कर कर दिया गया। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी. लखनऊ की ओर से मिचेल मार्श और अर्शिन कुलकर्णी ने पारी की शुरुआत की. शुरुआती ओवरों में दोनों बल्लेबाज संभलकर खेले, लेकिन जल्द ही मार्श ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए आरसीबी के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. . उन्होंने चौकों और छक्कों की मदद से तेजी से रन बटोरे और सिर्फ 49 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया. मार्श 51 गेंदों में 107 रन बनाकर नाबाद रहे.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| 2. | पीबीकेएस | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | +0.571 |
| 3. | आरसीबी | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +1.23 |
| 4. | आरआर | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.51 |
| 5. | जीटी | 10 | 6 | 4 | 8 | 12 | -0.14 |
| 6. | सीएसके | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | -0.151 |
| 7. | डीसी | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.94 9 |
| 8. | केकेआर | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.53 |
| 9. | एमआई | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.64 |
| 10. | एलएसजी | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.93 |

> मैच से पहले आरसीबी का पलड़ा भारी माना जा रहा था, क्योंकि टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर थी और जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच सकती थी. वहीं, लखनऊ लगातार छह हार के बाद दबाव में थी. हालांकि, इस मुकाबले में मार्श की विस्फोटक बल्लेबाजी ने आरसीबी के गेंदबाजों की रणनीति बिगाड़ दी. अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि बारिश के बार-बार रुकावट डालने वाले इस मुकाबले का नतीजा किस टीम के पक्ष में जाता है.



# दिल्ली में होगी 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, 07 मई. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय से 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 की आधिकारिक घोषणा की.**

यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट 27 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस महासंघ के अध्यक्ष विवेक कोहली, राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस महासंघ के सलाहकार बृजेश माथुर, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के उपाध्यक्ष राजीव दुग्गल, दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ की उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता, दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ के महासचिव बलबीर सिंह, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संदीप गुप्ता, और खेल जगत की कई अन्य जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थीं. दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप को राष्ट्रीय राजधानी में शीर्ष-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की शानदार वापसी के रूप में देखा जा रहा है.

## एक नजर में

### नेमार ने रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो.** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने 'हद पार कर दी' और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिंग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी. ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को 'चेहरे पर जोरदार थप्पड़' मारने का आरोप लगाया था. यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे. अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और कहा कि रे पेले ट्रेनिंग सेंटर में हुई यह घटना 'पूरी तरह सुलझ गई है. नेमार ने कहा, 'अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही,' नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं. रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं.



### भारतीय अंडर 17 टीम ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हारी

**जेद्दा.** किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी पिच सी पर खेले गए एएफसी अंडर17 एशिया कप 2026 के ग्रुप डी के अपने पहले मैच में भारत की अंडर17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हार गई. ऑस्ट्रेलिया के हाई-प्रेसिंग खेल ने शुरुआत में ही मैच का रुख तय कर दिया; ल्यूक बेकविनोव्स्की (4') ने पहला गोल किया, जिसके बाद मैक्स कोर्ट (29') ने पेनल्टी स्पॉट से बढ़त को दोगुना कर दिया. दूसरे हाफ में लुका डेमुथ (74') और हेनरिक ओलिवेरा (86') के गोलों ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी. अब भारत रविवार, 10 मई को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में अपने ग्रुप डी के आखिरी मैच में उज़्बेकिस्तान का सामना करेगा, क्योंकि डीपीआर कोरिया-जिसे इस ग्रुप की चौथी टीम होना था-ने कुछ ही दिन पहले टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था.



### वर्ल्ड स्क्वैश में भारत उतारेगा चार खिलाड़ी

**गीजा,(मिस्र).** अभय सिंह, वीर चोटरानी, रमित टंडन और वेलावन सेंथिलकुमार का भारतीय दल शुक्रवार से यहां शुरु होने वाली वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में चुनौती पेश करेगा. पीएसए वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होगी. प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में पुरुषों के वर्ल्ड नंबर वन मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष मिस्र की हानिया एल हम्मामी शामिल हैं. एशियन गेम्स के पदक विजेता अभय सिंह, जो भारत के बेस्ट रैंक वाले पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी हैं और वर्ल्ड नंबर 22 पर हैं, अपने पहले राउंड के मुकाबले में साथी भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी वीर चोटरानी (वर्ल्ड नंबर 43) से भिड़ेंगे. जीतने वाले का सामना अगले राउंड में डिफेंडिंग चैंपियन मुस्तफा असल या जर्मनी के राफेल कंदरा से होगा. वेलावन सेंथिलकुमार को फ्रांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नंबर 5 विक्टर क्रूइन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा.



# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान नहीं जाएंगे

**सिडनी, 07 मई. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ( सीए ) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग ( आईपीएल ) को नहीं छोड़ेंगे. सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 'अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे. अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं.**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पष्टीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा मिलकर घोषित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है. ये मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे. आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा.



### भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न.** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी टेस्ट सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौक़ा मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितंबर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के ख़िलाफ़ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुक़ाबले खेलेगी. बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुष्टि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम सितंबर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुष अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी .पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज़्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है.

### पंजाब को हराकर हैदराबाद शीर्ष पर पहुंचा

**नईदिल्ली.** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान हासिल कर लिया है. इस टीम ने बुधवार को सीजन के 49वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 33 रन से जीत दर्ज की. 11 में से 7 मैच जीतकर सनराइजर्स हैदराबाद 2 स्थान की छलांग के साथ प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि लगातार तीसरा मैच गंवाने के बाद पंजाब किंग्स लुढ़ककर दूसरे पायदान पर आ गई है. इस टीम ने 10 में से 6 मुकाबले अपने नाम किए हैं. राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 4 विकेट खोकर 235 रन बनाए. सलामी जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड के साथ 21 गेंदों में 54 रन की साझेदारी की.

## आईपीएल खिलाड़ियों पर बीसीसीआई की सख्ती

### गर्लफ्रेंड के साथ घूमने पर मिलेगी सजा, निशाने पर हार्दिक-अर्शदीप समेत कई खिलाड़ी

**नईदिल्ली, 7 मई.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) खिलाड़ियों और टीम ऑफिशियल्स पर सख्ती करने के मूड में है. बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया है वे बहुत जल्द नए दिशा-निर्देश जारी करने जा रहे हैं. उन्होंने साफतौर पर कहा कि इस सीजन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के आचरण में कुछ अनियमितताएं देखी हैं. देवजीत सैकिया ने कहा कि कुछ अनाधिकृत लोग टीम बस में खिलाड़ियों के साथ सफर कर रहे हैं और टीम होटल में ठहरे हुए हैं. ये लोग बिना अनुमति खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में जा रहे हैं. सैकिया ने साफ किया कि यह व्यवहार बीसीसीआई के एंटी-करप्शन प्रोटोकॉल के बिल्कुल खिलाफ है. इस संबंध में गुरुवार की शाम नए दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं. बीसीसीआई, इंडियन प्रीमियर लीग में टीम मालिकों के लिए भी सख्त नियम लागू करने पर विचार कर रहा है. देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी ह्रह्व से बातचीत में बताया कि कुछ टीम मालिक और अधिकारी उन जगहों पर खिलाड़ियों के साथ घूम रहे हैं, जहां उन्हें प्रवेश करने की बिल्कुल अनुमति नहीं है.





# भारत छह मैचों के लिए जिम्बाब्वे महिला टीम की करेगा मेजबानी

**मुंबई, 07 मई. भारत अक्टूबर में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम की मेजबानी करेगा. यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज होगी. इस दौरे का एकदिवसीय चरण आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा होगा.**

अफ्रीकी टीम सबसे पहले 16-20 अक्टूबर के बीच रायपुर में तीन मैचों की टी-20 सीरीज़ में हिस्सा लेगी. इसके बाद 23-28 अक्टूबर के बीच बड़ौदा में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह भी घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया ए और इंग्लैंड ए क्रमशः सितंबर-अक्टूबर और नवंबर-दिसंबर में भारत का दौरा करेंगे, जिसमें दोनों टीमें महिलाओं की सभी फॉर्मेट की सीरीज में हिस्सा लेंगी. पुरुषों की ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पुरुष टीम भी सितंबर और अक्टूबर में भारत का दौरा करने के लिए तैयार है.

# एचआई ने किया अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान

**भोपाल, 07 मई, हॉकी इंडिया ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक उद्धव दास मेहता ( भाई जी ) साई केंद्र में होने वाली हाई-इंटेंसिटी सीरीज के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय अंडर-18 पुरुष और महिला टीम की घोषणा कर दी है.**

चार मैचों की यह सीरीज 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरुष और महिला अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा (जापान) 2026 के लिए टीमों की आखिरी तैयारियों का एक अहम हिस्सा है. हर टीम में आखिरी 24 खिलाड़ियों को एक हफ्ते बाद चुना गया. नेशनल कोचिंग कैंप के दौरान कड़े मूल्यांकन के बाद, जिसमें 42 खिलाड़ियों के शुरुआती ग्रुप को मैच फिटनेस और टैक्टिकल अडैप्टेबिलिटी के आधार पर छोटा किया गया था.

फॉरवर्ड केतन कुशवाहा को भारतीय अंडर-18 पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि भारतीय अंडर-18 महिला टीम की स्वीटी कुजूर अगुवाई करेंगी.

पुरुष सब जूनियर टीम को पूर्व इंडियन हॉकी प्लेयर सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा गाइड कर रहे हैं. आने वाले मैचों पर कमेंट करते हुए, सरदार सिंह ने कहा, 'कैंप में एक प्रोडक्टिव हफ्ते के बाद, हमने उन 24 खिलाड़ियों की पहचान की है जिनके बारे में हमें लगता है कि वे इंटरनेशनल एक्सपोजर के लिए तैयार हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये मैच सिर्फ प्रैक्टिस गेम नहीं हैं; ये हमारे मैच टेम्परामेंट और टैक्टिकल डिसिप्लिन का एक ज़रूरी टेस्ट हैं. केतन पिच पर एक नेचुरल लीडर हैं, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि जापान में अंडर-18 एशिया कप में जाने से पहले यह ग्रुप ऑस्ट्रेलियन स्टाइल की पेस और प्रेशर को कैसे हैंडल करता है. महिला टीम पूर्व भारतीय कप्तान रानी की मेंटरशिप में अपनी ट्रेनिंग जारी रखे हुए है.



#### भारतीय अंडर-18 पुरुष टीम

**गोलकीपर :** सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा
**डिफेंडर :** अंश बहुता, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धनुक
**मिडफील्डर :** प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी, **फॉरवर्ड :** आकाश दीप, केतन कुशवाहा (कप्तान), शाहरुख अली, गाजी खान, प्रहलाद राजभर, सिद्धार्थ बेन, जयसन कंडुलना.

#### भारतीय अंडर-18 महिला टीम

**गोलकीपर :** महाक परिहार, हैरी, खिली कुमारी
**डिफेंडर :** सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, दिव्या यादव, सुलोचनी
**मिडफील्डर :** श्रुति कुमारी, दीया, हर्षिता, रश्मीन कौर, लामिंगनबी अकोईजम, नैन्सी सरोहा, टोंगब्रम लंचेनबी देवी, स्नेहा दावड़े, **फॉरवर्ड :** नौशीन नाज़, स्वीटी कुजूर (कप्तान),

# आज दिल्ली-कोलकाता मैच पर सबकी नजरें

### अरुण जेटली स्टेडियम में होगा हाईवोल्टेज मुकाबला

**नई दिल्ली, 7 मई. आईपीएल के 51वें मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने-सामने होंगी. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा माना जा रहा है. टूर्नामेंट अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और हर जीत प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत कर रही है.**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस सीजन में उतार-चढ़ाव से गुजरती रही है. टीम ने कुछ मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन लगातार जीत हासिल करने में संघर्ष करती नजर आई. ऐसे में घरेलू मैदान पर मिलने वाला समर्थन टीम के लिए बड़ा हथियार साबित हो सकता है. दिल्ली की बल्लेबाजी लाइनअप में आक्रामक खिलाड़ियों की मौजूदगी उसे मजबूत बनाती है. पावरप्ले में तेज शुरुआत और डेथ ओवरों में बड़े शॉट मैच का रुख तय कर सकते हैं. दूसरी तरफ कोलकाता नाइट राइडर्स इस सीजन में संतुलित टीम के रूप में उभरी है. बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में टीम ने कई बार दमदार प्रदर्शन किया है. खासतौर पर मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने दबाव के समय जिम्मेदारी निभाई है.

> अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है. यहां छोटी बाउंड्री के कारण बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं. हालांकि मैच के दौरान ओस भी अहम फैक्टर बन सकती है, जिससे टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है. फैंस को इस मुकाबले में चौकों-छक्कों की बारिश देखने को मिल सकती है. दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और यही वजह है कि क्रिकेट प्रेमियों के बीच इस मैच को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है. अंक तालिका की स्थिति को देखते हुए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

## पहला सीजन

### 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा, पुरुष और महिला लीग एक साथ होंगी

# टी20 मुंबई और पहली महिला लीग का शेड्यूल घोषित

**मुंबई, 07 मई. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ( एमसीए ) ने गुरुवार को घोषणा की कि टी 20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा. इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी. पुरुषों और महिलाओं की लीग एक साथ होंगी.**

यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है. पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे. इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. पहली महिला लीग में भी घरेलू क्रिकेट की कुछ जानी-मानी खिलाड़ी और सबसे होनहार युवा खिलाड़ी नज़र आएंगी. इनमें सायली सतघरे, साइमा ठाकुर, हुमैरा काज़ी, और टीनएज बैटिंग सेंसेशन इरा जाधव शामिल हैं. इरा जाधव नीलामी में सबसे महंगी बिकी थीं. इनके अलावा सानिका चालके और सिमरन शेख भी इस लीग का हिस्सा होंगी. सभी मैच स्टार स्पोर्ट्स पर लाइव दिखाए जाएंगे और जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे. इससे लीग की पहुँच काफी बढ़ जाएगी और पूरे देश के क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक क्रिकेट मुकाबले देखने का मौका मिलेगा.



> एमसीए के प्रेसिडेंट अजिंक्य नाइक ने कहा, 'टी 20 मुंबई लीग ने मुंबई के क्रिकेट इकोसिस्टम को मज़बूत करने और उभरते हुए खिलाड़ियों को इस खेल के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ खेलने का मौका देने में लगातार एक अहम भूमिका निभाई है. वानखेड़े स्टेडियम में पुरुषों और महिलाओं, दोनों के टूर्नामेंट आयोजित करना, एमसीए की इस प्रतिबद्धता को दिखाता है कि वह टैलेंट को निखारने के लिए एक बड़ा और ज़्यादा समावेशी मंच बनाना चाहता है, और मुंबई क्रिकेट को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचाना चाहता है.